## सार-समाचार

### मित्र जीवन का वरदान : सुबेदी महाराज

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री पुरुषोत्तम मास भागवत सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के गुरुवार को सप्तम दिवस सुबेदी महाराज ने कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुनाते हुए कहा कि जीवन में सच्ची मित्रता सब से बड़ा वरदान होता है, कृष्ण ने ना केवल मित्रता निभाई बल्कि सुदामा की गरीबी मिटाकर उनकी झोपडी को महल में तब्दील कर दिया। मिडिया प्रभारी प्रमोद जगानी ने बताया कि भागवत कथा के अंतिम दिन गुरुवार को सुबेदी महाराज ने सात दिन की कथा कथा का सार संक्षेप में सुनाया तथा सुदामा चरित्र की कथा विस्तार पूर्वक सुना कर, सात दिवसीय कथा को विराम दिया। आयोजन समिति के स्थाई सदस्य दुर्गा प्रसाद दाधीच ने बताया कि गुरुवार को सुबेदी महाराज का स्वागत एवं भागवत व्यास पीठ पूजन का सभी यजमान परिवार ने सामूहिक रूप से किया। झाकियां प्रभारी राखी थानवी और कृष्णा केवलिया ने बताया कि गुरुवार को झांकियों में प्रमुखत कृष्ण, सुदामा,द्वारपाल एवं पंढरीनाथ भगवान की झाकियां आकर्षित कर रही थी। पंढरीनाथ भगवान की झांकी की भूमिका को आर सी व्यास सुशोभित कर रहे थे। समिति के सदस्य अभिषेक व्यास ने बताया कि सुरीले रसपूर्ण भजन पांडाल को भक्तिमय बना रही थीं, विशेषत सुदामा के द्वारका आगमन पर भजन अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो द्वार पर सुदामा गरीब आया है। आयोजन समिति के सरंक्षक गोवर्धन थानवी ने कथा विराम के पश्चात समस्त श्रदालुओं का शांतिपूर्ण भागवत कथा सम्पूर्ण होने में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया। समिति के सदस्य आर सी व्यास ने बताया कि सुबेदी महाराज के कर कमलों से गजेटेड हनुमान मंदिर के पुजारी एवं उनकी टीम अशोक महाराज आसाराम सिन्धी, जीवन दलाल, जुगल भाटिया का उपर्णा पहना कर सत्कार किया एवं आशीर्वाद दिया तथा गजरूप सागर के संत बाल भारती महाराज का भी स्वागत किया गया।

### शहरी वार्डों में शिविर आज

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी स्थानीय निकायों में 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक शहरी सेवा शिविर 2026 आयोजित किये जायेंगे। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान एवं उनके कार्य सम्पादित किये जायेंगे। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी स्थानीय निकायों में 12 जून से 15 जुलाई तक शहरी सेवा शिविर 2026 का आयोजन किया जाएगा। शिविर में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट मरम्मत, नई लाइट लगाना, टूटे फेरो कवर व क्रास सही करना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेचवर्क, पार्कों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन व मरम्मत, लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे, स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती 69ए, .षि भूमि भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाईसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अंतर्गत घरेलू शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त कर त्वरित गति से निस्तारित किये जायेंगे।

### सरकार के 12 साल पर प्रदर्शनी आज से

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग जयपुर के निर्देशानुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी शुक्रवार से भगवान महावीर टाउन हॉल में आयोजित होगी। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों के उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि भगवान महावीर टाउन हॉल में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को दोपहर 12 होगा। यह प्रदर्शनी आमजन के अवलोकनार्थ 14 जून तक खुली रहेगी। इसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शनी किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयक अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत एवं सह समन्वयक अधिकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक प्रमोद वैष्णव को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी के दौरान कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं के साथ रंगोली, चिकित्सा, प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाने के लिए विभागीय अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है।

### मामाजी ओरण में प्याऊ शुरू

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती ओटवाला गांव स्थित मामाजी ओरण में सेवानिवृत्त शिक्षक दिवंगत वागाराम राजपुरोहित की पुण्य स्मृति में उनके परिवार की ओर से आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थायी पेयजल प्याऊ का निर्माण करवाया गया। प्याऊ का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। जानकारी के अनुसार दिवंगत वागाराम राजपुरोहित शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सदैव सक्रिय रहे। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा जनहित की भावना से उनकी धर्मपत्नी भंवरी देवी की प्रेरणा से उनके पुत्रों प्रवीणसिंह राजपुरोहित एवं रविन्द्र सिंह राजपुरोहित द्वारा मामाजी मंदिर परिसर में इस प्याऊ का निर्माण कराया गया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं ग्रामीणों को शुद्ध व शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे पूर्व प्याऊ के उद्घाटन की पूर्व संध्या पर राजपुरोहित परिवार द्वारा भजन संध्या एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, होटल में दुष्कर्म

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के शास्त्रीनगर पुलिस थाना क्षेत्र में आई एक होटल में किशोरी से दुष्कर्म का किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजन की तरफ से पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। आरोपी से किशोरी की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोनों बाद में मिलने लगे थे। फिलहाल पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजन ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि गत एक साल पहले उसकी नाबालिग पुत्री का संपर्क एक युवक से सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर हुआ था। जिस पर दोनों मिलने लगे थे। सालभर से आरोपी युवक उसको होटल में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। जब मामला ज्यादा बढ़ गया तो किशोरी ने अपने परिजनों को बताया।। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे तथा रिपोर्ट दर्ज कराई।

### अत्यधिक शराब से मिर्गी रोगी की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। नौ मील मंडोर इंडस्ट्रीयल एरिया में श्रमिक की अत्यधिक शराब सेवन और मिर्गी रोग के चलते अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। मृतक के भाई की तरफ से मंडोर थाने में रिपोर्ट दी गई है। शव पोस्टमार्टम करवा परिजन को सुपुर्द किया। मंडोर पुलिस के अनुसार लोहावट के हनुमान सागर, भेड निवासी लक्ष्मणराम पुत्र हरूराम जाट ने रिपोर्ट में बताया कि भाई खुमाराम यहां मंडोर 9 मील स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया में मजदूरी करता था। वह मिर्गी रोग से पीड़ित होने के साथ शराब का सेवन करता था। अत्यधिक शराब सेवन करने और मिर्गी का दौरा आने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

### सोलर पावर प्लांट से केबल चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती मथानिया स्थित नेवरा रोड पर एक फार्म हाउस पर चोरों ने सैंध लगाकर वहां से पांच हजार मीटर सोलर पावर प्लांट की केबल चोरी कर ली। फार्म हाउस मालिक ने मथानिया थाने में इस बाबत केस दर्ज कराया है। पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मथानिया पुलिस ने बताया कि नेवरा रोड निवासी जगदीश जाखड़ ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 7 जून को उसके खेत-फार्म हाउस में लगे सोलर पावर प्लांट से करीब 5 हजार मीटर की डीसी केबल को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। सोलर प्लांट ने काम करना बंद किया तो घटना का पता लगा। सूचना पर मथानिया पुलिस ने मौका मुआयना किया।

### जिला पश्चिम जोधपुर की डीएसटी भंग

**जोधपुर**, (कासं)। पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमल शेखावत ने एक आदेश जारी कर जिला विशेष टीम (डीएसटी) को भंग कर दिया है। इस टीम का गठन गत वर्ष तीन दिसंबर को किया गया था। डीसीपी कमल शेखावत के अनुसार प्रशासकीय आधार पर इस टीम का भंग किया गया है। डीएसटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को उपस्थिति संबंधित थाना व पुलिस लाइन में तत्काल देने के निर्देश दिए गए है।

# खर्रा ने बजट घोषणाओं व बकाया कामों की जानकारी ली

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गुरुवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने पानी बिजली व चिकित्सा, बजट घोषणा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन व बकाया कामो के बारे में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने गर्मी के मौसम में व आने वाले मानसून के लिए सुचारू और निर्बाध पेयजल आपूर्ति व बिजली उपलब्धता, वितरण आदि के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग में सड़कों के मरम्मत व बकाया कामो की जानकारी लेकर निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में चिकित्सा विभाग व बांगड चिकित्सालय चिकित्सा उपायों प्रबन्धों, मौसमी बीमारियों ओपीडी के बारे में समीक्षा कर निर्देश दिये। साथ ही जल संसाधन विभाग, कृषि में खाद, बीज, उर्वरक, निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम को बरसात पूर्व नाला सफाई विभिन उपायों के बारे में विस्तार से चर्चा कर निर्देश दिए।साथ ही यूआईटी, रोडवेज में बसों के लिए, आबकारी विभाग को, वंदे गंगा अभियान की जानकारी व चर्चा व हरियालों राजस्थान पौधरोपण अधिक से अधिक करने व व पोधो को संरक्षित करने के लिए कहा।

इस अवसर पर बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं व कामो की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, आई सीईओ मुकेश चौधरी, सहित विभिन विभागों के अधिकारी, आदि मौजूद रहे।



पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्किट हाउस में खर्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने विश्वास, विकास और जनकल्याण के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए देश के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। उन्होंने गरीब कल्याण, युवा सशक्तिकरण, किसान कल्याण, कृषि एवं ग्रामीण विकास, डिजिटल और आर्थिक विकास, उद्योग, रोजगार और आत्मनिर्भरता, नारी शक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, मिडिल क्लास को राहत, राष्ट्र निर्माण, 'राष्ट्र प्रथम' की भावना तथा विरासत एवं विकास जैसे विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में समान सोच के साथ कार्य कर रही है। राज्य में हर वर्ग और क्षेत्र के संतुलित एवं समठा विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करना है। इसी दिशा में विभिन्न विभागों के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 'अविवाहित महिला को अनुकंपा नियुक्ति का मिल सकता है लाभ'

- **एक अविवाहित महिला को अपनी मृत सरकारी कर्मचारी बहन के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिल सकता है : हाईकोर्ट**

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के एक महत्वपूर्ण मामले में राज्य सरकार के फैसले को गलत बताते हुए अविवाहित बहन को राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि एक अविवाहित महिला को अपनी मृत सरकारी कर्मचारी बहन के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिल सकता है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस निर्णय को गलत ठहराया है, जिसमें अविवाहित महिला को उसकी मृत सरकारी कर्मचारी बहन के आश्रित होने के बावजूद नियुक्ति का लाभ देने से इनकार कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि पात्रता का परीक्षण केवल मृत्यु की तारीख के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि यह भी देखा जाना चाहिए कि आवेदन के समय कौन से नियम प्रभावी थे। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने विभागीय आदेश रद्द कर मामले पर दोबारा विचार करने के निर्देश दिए हैं।

जोधपुर निवासी अरुणा ओझा की ओर से अधिवक्ता निशित शाह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि उनकी बहन करुणा ओझा अभियोजन विभाग में अभियोजन अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। करुणा ओझा का 13 सितंबर 2021 को निधन हो गया था। वह अविवाहित थीं और अरुणा ओझा पूरी तरह उन पर निर्भर थीं। करुणा ओझा की मृत्यु के कुछ सप्ताह बाद राज्य सरकार ने 28 अक्टूबर 2021 को राजस्थान अनुकंपा नियुक्ति नियम, 1996 में संशोधन किया। संशोधन के तहत अविवाहित मृत सरकारी कर्मचारी की आश्रित अविवाहित बहन को भी अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र माना गया। इसके बाद अरुणा ओझा ने निर्धारित अवधि के भीतर नियुक्ति के लिए आवेदन किया। हालांकि अभियोजन विभाग ने नवंबर 2023 में उनका आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि संशोधित नियम करुणा ओझा की मृत्यु के बाद लागू हुए थे और इन्हें पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। विभाग ने इसी आधार पर अरुणा को अपात्र मान लिया। जस्टिस अरुण मोंगा ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता ने मृत्यु के बाद निर्धारित 90 दिनों की अवधि के भीतर आवेदन किया था। उस समय संशोधित नियम प्रभाव में आ चुके थे।

अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता संशोधन को पूर्वव्यापी रूप से लागू करने की मांग नहीं कर रही थीं, बल्कि आवेदन की तारीख पर लागू नियमों के तहत अपने अधिकार का दावा कर रही थीं। कोर्ट ने माना कि विभाग ने पात्रता तय करते समय नियमों की गलत व्याख्या की। केवल इसलिए लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता कि कर्मचारी की मृत्यु संशोधन लागू होने से पहले हुई थी। यदि आवेदन के समय नियम लागू थे तो उनका लाभ संबंधित आवेदक को मिल सकता है। हाईकोर्ट ने विभाग का आदेश निरस्त करते हुए सक्षम प्राधिकारी को निर्देश दिया है कि अरुणा ओझा के मामले पर पुनर्विचार किया जाए। यदि वह अन्य सभी शर्तों के अनुसार पात्र पाई जाती हैं तो उन्हें अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जाए।

# पाली में राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि मनाई



पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि पर पाली के जिला कांग्रेस भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 26 वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस भवन में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई।

इस दौरान पाली जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, महावीर सिंह सुकरलाई, मदनसिंह जागरवाल, जोगाराम सोलंकी, सुमित्रा जेन, प्रकाश सांखला, जीवराज बोराणा, मेहबूब टी, भंवर राव, प्रकाश सीरवी, गोविंद बंजारा, यशपालसिंह कुम्पावत, राजेन्द्र सिंह जाखोड़ा, रतन उदेश, ताराचन्द चन्दनानी, ओमा चौधरी, कृष्णा सांसी, संतोख सिंह बाजवा, रफीक गौरी, दिलीप ओड, जावेद सिरोहा, विजय जोशी, तालिब अली चूडीघर, रफीक चौहान, मांगूसिंह दुदावत, गणपत पटेल, रमेश चावला, अशोक कुलदीप, भेराराम गुर्जर, चन्द्रकांत मारू, दिनेश दवे,बाबू कीर, राजू सोलंकी, कन्हैयालाल परिहार, मांगीलाल सोलंकी, चेलाराम रारबड़ा, शकील नागोरी, रमेश परिहार, रमजान सामरिया, कैलास गोयल, राजवीर देवासी, अनिल सिंह निम्बाडा, जसवंत भारद्वाज, डूंगरदास, पुष्पराज सोनी, संजय परमार, फारुख रँगीला,रामचन्द्र बुनकर, असगर कुरैशी, यासीन सबावत, नजीर सिंधी, महेंद्र मेहता, विक्रम भाटी, पंकज आदिवाल, हाजी मोहम्मद, रमेश गर्ग, मूलचंद संकलेचा, वसीम खान, राजूसिंह सोनाई माझी, चन्द्रपाल सिंह पुनायता, अरबाज खान, शाहिद पिनु, इलू अब्बासी, आबिद चढ़वा, ओटाराम चौधरी, मुकेश मीणा, मांगीलाल कीर, रिजवान चढ़वा, रमेश चौधरी, मुनाजिर अली चूडीघर, रमेश तुंगारिया, चाँद रंगरेज, धनाराम हीरागर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि हाजी इंसाफ मोयल, वार्ड अध्यक्ष रमेश परिहार, मोहम्मद सत्तार पठान,यासीन लोहार , जिशान अली रंगरेज, अनवर सोजत , रिजवान चढ़ावा, मुनाजिर अली , वार्ड अध्यक्ष समीर मोयल, राजू भाई , नियाज़ मोयल, निखिल बारिया , भावेश मेवाडा, अंकित सुराणा , मकसूद अली, शौकीन अली घोसी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिव शक्ति धाम जसदेर में किया योगाभ्यास

- **स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया**

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन बाड़मेर की ओर से जन-जन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है।

बाड़मेर जिला मुख्यालय स्थित शिव शक्ति धाम जसदेर के प्रांगण में गुरूवार को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वामी रामपुरी, डॉ. प्रदीप धनदे, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जोगेंद्र, डॉ. कदंब, डॉ. मोहनलाल, डॉ. छगन सोनी, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. संगीता, प्रकाश चंद्र, भूराराम, अमोलख सिंगारिया, करणाराम, राजेश सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद एवं योग विशेषज्ञ डॉ. रणवीर राजपुरोहित एवं डॉ. नखत कोड़ेचा ने प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया तथा नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर में आयोजित किया जाएगा।

# जैसलमेर के रामगढ़ में 20 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन

**जैसलमेर/जयपुर**, (नि.सं.)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आकाशवाणी जयपुर परिसर से जैसलमेर जिले के रामगढ़ में स्थापित 20 किलोवाट क्षमता वाले आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस नए ट्रांसमीटर के शुरू होने से राजस्थान में एफएम ट्रांसमीटरों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। रामगढ़ में स्थापित यह ट्रांसमीटर सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 80 किलोमीटर के दायरे में रेडियो प्रसारण की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके माध्यम से जैसलमेर जिले के करीब 20 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक सूचनात्मक, शैक्षिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित होगी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार और प्रसारण व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि तेजी से बदलती तकनीक के दौर में रेडियो प्रसारण को प्रासंगिक और प्रभावशाली बनाए रखने के लिए डिजिटल फर्स्ट और हाइपर-लोकल दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने प्रसार भारती के अधिकारियों को इस दिशा में एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। वैष्णव ने स्थानीय कलाकारों, लोक संस्कृति और शिल्पकारों को प्रसारण प्रणाली से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने जयपुर में विकसित हो रहे एआई डेटा सेंटर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भविष्य की तकनीकी जरूरतों को पूरा करने और डिजिटल भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने कहा कि आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसे संस्थान आज भी समाज की जड़ों से जुड़े हुए हैं और जनसंचार के विश्वसनीय माध्यम के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम में राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जबकि जैसलमेर सांसद उमेदराम बेनीवाल वर्चुअल माध्यम से जुड़े। यह पहल कश्मीर से कच्छ तक मजबूत प्रसारण नेटवर्क विकसित करने की राष्ट्रीय परिकल्पना को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# लूनी नदी प्रदूषण मामले में बालोतरा पहुंची एसआईटी

- **राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने जांच प्रक्रिया को तेज किया**

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा क्षेत्र के जोजरी, लूनी एवं बांडी नदी में बढते प्रदूषण के मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुरुवार को बालोतरा पहुंचकर जांच प्रक्रिया को तेज कर दिया।

पुलिस महानिरीक्षक लवली कटियार के नेतृत्व में टीम ने बिठूजा औद्योगिक क्षेत्र तथा बालोतरा स्थित कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का विस्तृत निरीक्षण कर प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्थाओं की पडताल की। आईपीएस अधिकारी दिनेश विश्नोई, पंकज यादव, आरएसी कमांडेंट, बालोतरा पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

टीम ने विभिन्न स्थलों का दौरा कर तकनीकी जानकारियां जुटाई और प्रदूषण नियंत्रण उपायों की प्रभावशीलता का आकलन किया।

जांच दल ने सबसे पहले बिठूजा औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया, जहां औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उपचार, संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके बाद टीम ने बालोतरा स्थित सीईटीपी प्लांट का निरीक्षण कर संयंत्र की क्षमता, संचालन प्रणाली, उपचारित पानी की गुणवत्ता तथा पर्यावरणीय मानकों की पालना की स्थिति का परीक्षण किया।

सूत्रों के अनुसार टीम ने संबंधित अधिकारियों से औद्योगिक इकाइयों द्वारा छोडे जा रहे रासायनिक अपशिष्ट, प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की कार्यप्रणाली तथा नदियों में बढते प्रदूषण के कारणों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। टीम ने विभिन्न स्थानों से जल एवं अपशिष्ट के नमूने भी एकत्रित किए हैं, जिनकी वैज्ञानिक जांच के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जोजरी, लूनी और बांडी नदी में बढते प्रदूषण को लेकर लंबे समय से पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा चिंता जताई जा रही है। रासायनिक प्रदूषण के कारण कृषि भूमि, पशुधन और भूजल की गुणवत्ता पर पड रहे प्रतिकूल प्रभावों को लेकर कई बार आवाज उठाई गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय एसआईटी का गठन किया था। अब टीम की जमीनी स्तर पर शुरू हुई जांच को प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों तथा जिम्मेदार पक्षों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि टीम की जांच से प्रदूषण के वास्तविक कारण सामने आएंगे और लूनी, जोजरी तथा बांडी नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रभावी एवं स्थायी समाधान लागू किए जा सकेंगे।

# बाड़मेर नगर परिषद् ने 29 हजार 700 रुपए जुर्माना वसूला

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार ठोस अपिशष्ठ प्रबंधन नियम, 2026 के प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गए है। राजस्थान नगरपालिका ठोस अपिशष्ठ प्रबंधन उपविधियां, 2019 पूर्व में लागू है। इसके तहत बाड़मेर नगर परिषद क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए उपयोग राशि निर्धारित की गई है। इधर, बाड़मेर नगर परिषद ने दो दिन में 29 हजार 700 रुपए जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की।

नगर परिषद आयुक्त भगवत सिंह परमार ने बताया कि बाड़मेर नगर परिषद क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के आवासीय मकान के लिए मासिक उपयोग राशि 15 रूपए, 50 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से अधिक एवं 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के आवासीय मकान के लिए 50,300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से अधिक आवासीय मकान के लिए 100, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, दूकान, खानपान के स्थान ढाबा, मिठाई की दुकान, काफी हाउस के लिए 200, गेस्ट हाउस 500, सरकारी छात्रावास 400,निजी छात्रावास एवं निजी शिक्षण संस्थान 750, निजी कोचिंग संस्थान 3000, निजी कोचिंग क्लासेज 750, व्यवसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, निजी के अलावा कोचिंग क्लासेज, शिक्षण संस्थान के लिए 500, शादी हॉल, उत्सव हॉल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक शादी हॉल, उत्सव हॉल, प्रदर्शनी एवं मेला 3000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से अधिक 4 हजार रूपए, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज केवल गैर खतरनाक अवशिष्ट लघु एवं कुटीर उद्योग वर्कशॉप एक हजार, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज केवल गैर खतरनाक अवशिष्ट 10 किलोग्राम प्रतिदिन लघु एवं कुटीर उद्योग वर्कशॉप के लिए 500, रेस्टोरेंट 500, होटल रेस्टोरेंट 750, होटल रेस्टोरेंट थ्री स्टार तक 1 हजार, होटल रेस्टोरेंट थ्री स्टार से अधिक 2 हजार, क्लीनिक 750, क्लीनिक, डिस्पेन्सरी, लेबोटेरिज 50 बेड तक के लिए 1500 एवं 50 बेड से अधिक के लिए 3 हजार रूपए प्रति माह उपयोग राशि वसूली जाएगी। आयुक्त भगवत सिंह परमार ने बताया बाड़मेर शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद ने प्रभावी कदम उठाते हुए कचरा फैलाने तथा दुकानों के आगे सामान रखकर अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिछले दो दिनों में नगर परिषद ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर 29 हजार 700 रूपए जुर्माना वसूला।

आयुक्त परमार ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई राजस्व अधिकारी सावन कुमार अवस्थी, राजस्व लिपिक अरुण घारू और स्वास्थ्य जमादार अरुण सर्वटा के निर्देशन में की गई।

# मंदिरों में पूजा-अर्चना की

**जालोर**. (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के तहत देवस्थान विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में बुधवार को जिले में विशेष आयोजन हुए। इसी क्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने नारणावास के प्रसिद्ध जागनाथ महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर जिले के कल्याण, आमजन के उत्तम स्वास्थय व सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर प्रांगण में पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान श्री जागनाथ महादेव की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जागनाथ महादेव मंदिर की मुख्य सड़क के सीसी पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण व चौड़ाईकरण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निदेर्शित किया। कार्यक्रम में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, महंत महेन्द्रभारती महाराज, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजोरा, तहसीलदार रणवीर सिंह, बीडीओ प्रदीप मायला, महेन्द्र मेघवाल, भूपेन्द्र देवासी, गणपतसिंह बगेड़िया, पेमाराम देवासी, ओबाराम देवासी, रूपसिंह नारणावास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता रही।


**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

(अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर-343001

**आपत्ति विज्ञप्ति**

क्रमांक-नपजा/राजस्व/2026/1832 दिनांक-09.06.2026

श्रीमती निकिता कंवर पत्नी श्री मानसिंह जाति राजपूत निवासी आम चौहाटा, कंनपुरा ढोला तहसील सुमेरपुर जिला पाली (राज.) ने एक भूखण्ड/मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

| भूखण्ड का पता | पट्टा संख्या एवं पट्टाधारक का नाम | हस्तान्तरण का जरिया | आडौस-पडौस व तुर्थदर्शी | भूखण्ड का क्षे. (व.ग.) | प्रयोजन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| जालोर सी की आवादी भूमि के खसरा नं. 2157 बनाम केशरनाथ कॉलोनी जालोर | कार्यालय नगर परिषद जालोर के लीजडीड सं. -205/2020-21 दिनांक 20.07.2020 (गंगाबेन वालेड/गोपाल जी) कार्यालय नगर परिषद जालोर के लीजडीड सं. -204/2020-21 दिनांक 20.07.2020 (रेशमाबेन वालेड/रमेश जी) | रजिस्टर्ड बेचाननामा | उत्तर-द्वितीय आवासीय प्लॉट के उत्तर दिशा का शेष हिस्सा प्लॉट। दक्षिण-प्रथम आवासीय प्लॉट के दक्षिण दिशा का शेष हिस्सा प्लॉट। पूर्व-20 फीट चौडा रास्ता। पश्चिम-रमेश कुमार, अन्तर देवी व कानाराम का प्लॉट। | 133.33 | आवासीय प्लॉट |

अतः सर्वसाधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा। अवगत रहे।

आयुक्त, नगर परिषद जालोर